पटना विश्वविद्यालय

Patna University

Estd. 1917



Patna University In News (08.09.2022)

पीयू में कैजुअल वेकेंसी के तहत नामांकन 20 तक

पटना. पटना विवि में सत्र 2022-25 स्नातक में कैजुअल वेकेंसी के तहत नामांकन के लिए आवेदन छात्र गुरुवार से कर सकते हैं. विवि ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. आवेदन लेने के बाद कॉलेज 15 सितंबर तक हर हाल में अपनी सेलेक्शन प्रक्रिया पूरी कर लिस्ट स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन के पास भेजेंगे. इसके बाद छात्रों को नामांकन के लिए लिंक प्रोवाइड की जायेगी. उक्त लिंक पर जाकर छात्र 20 सितंबर तक नामांकन ले सकते हैं. इसके बाद विवि में कैजुअल वेकेंसी के तहत कोई भी नामांकन नहीं लिया जायेगा. पटना कॉलेज में स्पोर्ट्स व फाइन आर्ट कोटे के तहत स्नातक में नामांकन के लिए ट्रायल 10 सितंबर को होगा. फाइन आर्ट कोटे के तहत आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को 10:30 बजे रिपोर्ट करने को कहा गया है. वहीं स्पोर्ट्स कोटे के छात्रों को सुबह दस बजे रिपोर्ट करने को कहा गया है.

प्रभात खबर Thu, 08 September 2
https://epaper.prab

हिन्दुस्तान

पीयू में बची सीटों पर कॉलेज ले सकेंगे नामांकन

पटना। पटना विवि में स्नातक बीए, बीएससी और बीकॉम रेगुलर कोर्सों में नए सत्र की शुरुआत की हो गई है। हालांकि स्नातक कोर्सों में सीटें नहीं भर सकी। पटना विश्वविद्यालय के कॉलेजों में लगभग 350 सीटें बची रह गई हैं। इसमें साइंस कॉलेज में 40, पटना कॉलेज में 95, बीएन कॉलेज 116, मगध महिला 77 और वाणिज्य महाविद्यालय में 25 सीटें बची रह गई हैं।